# प्रादर्श प्रश्नपत्र सेट –I
## कक्षा – 12वीं
## राजनीति विज्ञान (103)

**समय : 3:00 घण्टे** **पूर्णांक – 80 अंक**

**निर्देश :–**

1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
2. प्रश्न क्रमांक 01 से 20 तक के प्रत्येक प्रश्न पर 01 अंक शब्द सीमा 20 शब्द है।
3. प्रश्न क्रमांक 21 से 23 तक के प्रत्येक प्रश्न पर 02 अंक शब्द सीमा 30 शब्द है।
4. प्रश्न क्रमांक 24 से 27 तक के प्रत्येक प्रश्न पर 04 अंक शब्द सीमा 75 शब्द है।
5. प्रश्न क्रमांक 28 एवं 31 तक के प्रत्येक प्रश्न पर 05 अंक शब्द सीमा 150 शब्द है जिसमें एक प्रश्न नक्शा व चित्र आधारित है।
6. प्रश्न क्रमांक 32 से 34 तक के प्रत्येक प्रश्न पर 06 अंक शब्द सीमा 200 शब्द है।
7. प्रश्न क्रमांक 28 से 34 तक सभी में अतिरिक्त विकल्प दिये गये है।

**अतिलघुउत्तरीय प्रश्न – I** **(20X1=20)**

प्रश्न क्रमांक 1 :– क्यूबा प्रेक्षपास्त्र संकट कब उत्पन्न हुआ?

प्रश्न क्रमांक 2 :– शीत युद्ध के प्रति भारत का रूख कैसा था?

प्रश्न क्रमांक 3 :– दो ध्रुवीय देश कौन–कौन से है?

प्रश्न क्रमांक 4 :– बर्लिन (जर्मनी) की दीवार कब तोड़ी गयी।

प्रश्न क्रमांक 5 :– 'स्मार्ट बम' का इस्तेमाल पहली बार किस युद्ध में किया गया।

प्रश्न क्रमांक 6 :– अलकायदा क्या है?

प्रश्न क्रमांक 7 :– चीनी अर्थव्यवस्था के बारे में क्या अनुमान लगाया जा रहा है?

प्रश्न क्रमांक 8 :– सार्क (SAARC) का पूरा नाम लिखिए।

प्रश्न क्रमांक 9 :– आप बिना पासपोर्ट (पारपत्र) और बीजा के किस पड़ोसी देश में आ जा सकते है?

प्रश्न क्रमांक 10 :– नव स्वतंत्र देशों के सामने सबसे बड़ी चुनौती है?

प्रश्न क्रमांक 11 :– सैन्य गठबंधन से क्या तात्पर्य है?

प्रश्न क्रमांक 12 :– आधुनिकीकरण की शुरूआत कहाँ से हुई?

प्रश्न क्रमांक 13 :– एक से अधिक दलो का होना किस प्रकार के शासन प्रणाली की विशेषताएँ हैं।

प्रश्न क्रमांक 14 :– वर्तमान में नीति आयोग के अध्यक्ष कौन है?

WWW.STUDYDISCUSS.IN

प्रश्न क्रमांक 15 :– :द मिल्क मैन ऑफ इंडिया' के नाम से कौन लोकप्रिय थे।

प्रश्न क्रमांक 16 :– सिंडिकेट क्या है?

प्रश्न क्रमांक 17 :– किस मुकदमें में संविधान के मूलभूत ढांचे की धारणा का जन्म हुआ।

प्रश्न क्रमांक 18 :– आपात काल की घोषणा कब की गई?

प्रश्न क्रमांक 19 :– राम जन्मभूमि आन्दोलन क्या है?

प्रश्न क्रमांक 20 :– गठबंधन किसे कहते है?

**अतिलघुउत्तरीय प्रश्न – II** **(3X2=06)**

प्रश्न क्रमांक 21 :– 'दक्षिण एशिया के देश भारत को बाहुबली समझते है, जो इस क्षेत्र के छोटे देशों पर अपना दबदबा जमाना चाहता है, और अंदरूनी मामलों में दखल देता है' इन देशों के सोच के लिए कौन–कौन सी दो बातें जिम्मेदार है?

1+1=2

प्रश्न क्रमांक 22 :– वैश्वीकरण के सफलता के लिए दो सुझाव दीजिए। 1+1=2

प्रश्न क्रमांक 23 :– निवारक नजरबंदी क्या है? 1+1=2

**लघुउत्तरीय प्रश्न** **(4X4=16)**

प्रश्न क्रमांक 24 :– ''गुट निरपेक्ष आन्दोलन अब अप्रासंगिक हो गया है।'' आप इस कथन के बारे में क्या सोचते है? अपने उत्तर के समर्थन में तर्क दीजिए। (कोई 04)

1+1+1+1=4

प्रश्न क्रमांक 25 :– भारत और सोवियत संघ के संबंध बहुआयामी थे। किन्ही चार बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए। 4

प्रश्न क्रमांक 26 :– समाजवादी दल और कम्युनिष्ट पार्टी के बीच चार अंतर बताइए।

1+1+1+1=4

प्रश्न क्रमांक 27 :– जन–आन्दोलन से हमें क्या सबक (शिक्षा) मिलती है? 4

**दीर्घउत्तरीय प्रश्न – I** **(4X5=20)**

प्रश्न क्रमांक 28 :– 'मुल्को की शांति और समृद्धि क्षेत्रीय आर्थिक संगठनों को बनाने और मजबूत करने पर टिकी है।'' इस कथन की पुष्टि कीजिए।

अथवा

आज की चीनी अर्थव्यवस्था नियंत्रित अर्थव्यवस्था से किस तरह अलग है? स्पष्ट कीजिए।

WWW.STUDYDISCUSS.IN

प्रश्न क्रमांक 29 :— पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता क्यों है?

अथवा

'साझी जिम्मेदारी लेकिन अलग—अलग भूमिकाएँ से क्या अभिप्राय है? हम इस विचार को कैसे लागू कर सकते है।

प्रश्न क्रमांक 30 :— भारत विभाजन के बाद भारत में विलय हुए निम्नलिखित प्रांत व देशी रियासतों को नक्शे में दर्शाइये :— (कोई पांच) 1+1+1+1+1=5

(i) जूनागढ़ (ii) मणिपुर (iii) हैदराबाद (iv) जम्मू और काश्मीर


(v) गोवा (vi) मैसूर (vii) ग्वालियर

अथवा

दिये गये राजनीतिक मानचित्र में निम्नलिखित राज्यों को दर्शाइये तथा बाताइये ये किन मूल राज्यों के अंग थे :— (कोई पांच)

(i) गुजरात (ii) हरियाणा (iii) मेघालय (iv) छत्तीसगढ़

(v) उत्तराखण्ड(vi) तेलंगाना (vii) झारखण्ड



WWW.STUDYDISCUSS.IN

प्रश्न क्रमांक 31 :— 1970 के दशक में इंदिरा गांधी की सरकार किन कारणों से लोकप्रिय हुई थी? (कोई पांच)

अथवा

कांग्रेस पार्टी की पुनर्स्थापना के लिए उठाए गए किन्ही 05 कदमों का उल्लेख कीजिए।

**लघुउत्तरीय प्रश्न** **(3X6=18)**

प्रश्न क्रमांक 32 :— भारत के नागरिक के रूप में सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के पक्ष का समर्थन आप कैसे करेंगे? अपने प्रस्ताव का औचित्य सिद्ध कीजिए।

अथवा

क्या संयुक्त राष्ट्र संघ अमरीकी प्रभुत्व के विरूद्ध संतुलनकारी भूमिका निभा सकता है? संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए।

प्रश्न क्रमांक 33 :— अगर आपको भारत की विदेश नीति के बारे में फैसला लेने को कहा जाए, तो आप इसकी किन तीन बातों को बदलना चाहेंगे तथा किन तीन पहलूओं को आप बरकरार रखना चाहेगे। तर्क दीजिए। 3+3=6

अथवा

विश्व राजनीति में गुट–निरपेक्ष आन्दोलन की किन्ही तीन उपलब्धियों एवं तीन असफलताओं का वर्णन कीजिए।

प्रश्न क्रमांक 34 :— 'हर क्षेत्रीय आन्दोलन अलगाववादी मांग की तरफ अग्रसर नहीं होता।' इस कथन की व्याख्या कीजिए।

अथवा

असम आंदोलन सांस्कृतिक अभियान और आर्थिक पिछड़ेपन की मिली–जुली अभिव्यक्ति था। व्याख्या कीजिए।

WWW.STUDYDISCUSS.IN

**प्रादर्श प्रश्नपत्र सेट –II**
**कक्षा – 12वीं**
**राजनीति विज्ञान (103)**

---

**समय : 3:00 घण्टे** **पूर्णांक – 80 अंक**

**निर्देश :–**

1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
2. प्रश्न क्रमांक 01 से 20 तक के प्रत्येक प्रश्न पर 01 अंक शब्द सीमा 20 शब्द है।
3. प्रश्न क्रमांक 21 से 23 तक के प्रत्येक प्रश्न पर 02 अंक शब्द सीमा 30 शब्द है।
4. प्रश्न क्रमांक 24 से 27 तक के प्रत्येक प्रश्न पर 04 अंक शब्द सीमा 75 शब्द है।
5. प्रश्न क्रमांक 28 एवं 31 तक के प्रत्येक प्रश्न पर 05 अंक शब्द सीमा 150 शब्द है जिसमें एक प्रश्न नक्शा व चित्र आधारित है।
6. प्रश्न क्रमांक 32 से 34 तक के प्रत्येक प्रश्न पर 06 अंक शब्द सीमा 200 शब्द है।
7. प्रश्न क्रमांक 28 से 34 तक सभी में अतिरिक्त विकल्प दिये गये है।

---

**अतिलघुउत्तरीय प्रश्न – I** **(20X1=20)**

प्रश्न क्रमांक 1 :– उत्तरी कोरिया का संबंध किस गुट से था?

प्रश्न क्रमांक 2 :– नाटो की स्थापना कब हुई?

प्रश्न क्रमांक 3 :– 25 दिसम्बर 1991 को क्या घटना घटी?

प्रश्न क्रमांक 4 :– पेरेस्त्रोइका का क्या अर्थ है?

प्रश्न क्रमांक 5 :– एक ध्रुवीय व्यवस्था क्या है?

प्रश्न क्रमांक 6 :– ऑपरेशन इराकी फ्रिडम क्या है?

प्रश्न क्रमांक 7 :– आशियान (ASEAN) का पूरा नाम लिखिए।

प्रश्न क्रमांक 8 :– साफ्टा (SAFTA) का पूरा नाम लिखिए।

प्रश्न क्रमांक 9 :– पूर्वी पाकिस्तान के रूप में किस देश को 1971 से पहले जाना जाता था?

प्रश्न क्रमांक 10 :– सुरक्षा का अर्थ लिखिए?

प्रश्न क्रमांक 11 :– विश्व व्यापी किन्ही एक खतरे का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न क्रमांक 12 :– वैश्वीकरण का संबंध किससे है?

प्रश्न क्रमांक 13 :– स्वतंत्र पार्टी कब अस्तित्व में आई इसका नेतृत्व किसने किया?

प्रश्न क्रमांक 14 :– भारत में विकास के कौन से मॉडल अपनाये गये?

प्रश्न क्रमांक 15 :– चकबन्दी का एक लाभ लिखिए।

WWW.STUDYDISCUSS.IN

प्रश्न क्रमांक 16 :– 'गरीबी हटाओं का नारा किसने दिया?

प्रश्न क्रमांक 17 :– 1979 ई0 में मोरारजी देसाई के स्थान पर किसे प्रधानमंत्री बनाया गया।

प्रश्न क्रमांक 18 :– आपातकाल की घोषणा किस प्रधानमंत्री के समय में हुई?

प्रश्न क्रमांक 19 :– मण्डल आयोग की स्थापना कब की गई?

प्रश्न क्रमांक 20 :– राजग (NDA) क्या है।

**अतिलघुउत्तरीय प्रश्न – II** **(3X2=06)**

प्रश्न क्रमांक 21 :– दक्षेस को मजबूत बनाने हेतु दो सुझाव दीजिए। 1+1=2

प्रश्न क्रमांक 22 :– विश्व के मैक्डोनॉल्डीकरण से आप क्या समझते है?

प्रश्न क्रमांक 23 :– प्रेस सेंसरशिप का क्या अर्थ है?

**लघुउत्तरीय प्रश्न –** **(4X4=16)**

प्रश्न क्रमांक 24 :–शीतयुद्ध से हथियारों की होड़ और हथियारों पर नियंत्रण ये दोनों ही प्रक्रियाए पैदा हुई। इन दोनों प्रक्रियाओं के क्या कारण थे? (कोई चार) 1+1+1+1=4

प्रश्न क्रमांक 25 :–'शॉक थेरेपी' क्या थी? क्या साम्यवाद से पूंजीवाद की तरफ संक्रमण का यह सबसे बेहतर तरीका था? तर्क दीजिए। (काई तीन) 1+3=4

प्रश्न क्रमांक 26 :–मतदान के बदलते तरीको पर एक निबंध लिखिए।

प्रश्न क्रमांक 27 :–आन्ध्रप्रदेश में चले शराब (ताड़ी) विरोधी आन्दोलन ने देश का ध्यान कुछ गंभीर मुद्दो की तरफ खींचा। ये मुद्दे क्या थे? (कोई चार)

**दीर्घउत्तरीय प्रश्न –** **(4X5=20)**

प्रश्न क्रमांक 28 :–एक अनुमान है कि 2040 तक चीन दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति होगा जो अमेरिका से आगे निकल जाएगा? विश्लेषण कीजिए। (कोई पांच)

अथवा

क्षेत्रीय संगठनो को बनाने के उद्देश्य क्या है? (कोई पांच)

प्रश्न क्रमांक 29 :–विभिन्न देशों के सामने गंभीर चुनौती वैश्विक पर्यावरण को कोई नुकसान पहुँचाए बगैर आर्थिक विकास करने की है। यह कैसे हो सकता है? (कोई पांच)

अथवा

पर्यावरण के खतरे वैश्विक राजनीति के लिए चिन्ता क्यों है? (कोई पांच)

प्रश्न क्रमांक 30 :–राज्य पुनर्गठन आयोग का काम क्या था? इसकी प्रमुख सिफारिश क्या थी? (कोई पाँच)

WWW.STUDYDISCUSS.IN

अथवा

कहा जाता है कि राष्ट्र व्यापक अर्थ में 'कल्पित समुदाय' होता है और सर्वमान्य विश्वास, इतिहास, राजनीतिक आकांक्षा और कल्पनाओं से एकसूत्र में बंधा होता है। उन विशेषताओं की पहचान करे जिनके आधार पर भारत एक राष्ट्र है। (कोई पांच)

प्रश्न क्रमांक 31 :—निम्नलिखित राज्यों को भारत के राजनैतिक मानचित्र में दर्शाइये— (कोई पांच)

1+1+1+1+1=5

(i) मद्रास (ii) केरल (iii) उत्तरप्रदेश (iv) बिहार

(v) गुजरात (vi) महाराष्ट्र (vii) पंजाब

अथवा

भारत के मानचित्र में 1967 के विधानसभा चुनाव के परिणाम को चिन्हित करें

(i) तीन गैर कांग्रेसी राज्य (ii) दो कांग्रेसी राज्य



WWW.STUDYDISCUSS.IN

**अतिदीर्घउत्तरीय प्रश्न –** **(3X6=18)**

प्रश्न क्रमांक 32 :–'हाँलाकि संयुक्त राष्ट्र संघ युद्ध और इससे उत्पन्न विपदा को रोकने में नाकामयाब रहा है लेकिन विभिन्न देश अभी भी इसे बनाए रखना चाहते है। 'एक अपरिहार्य संगठन मानने के क्या कारण है? (कोई छः)

अथवा

संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रमुख अंगो के गठन व कार्य का वर्णन कीजिए।

प्रश्न क्रमांक 33 :– निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए :– 3+3=6

(अ) भारत की परमाणु नीति (ब) विदेश नीति पर सर्व–सहमति

अथवा

निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए :–

(अ) तिब्बत विवाद (ब) कारगिल संघर्ष

प्रश्न क्रमांक 34 :–पंजाब समझौते के मुख्य प्रावधान क्या थे? क्या ये प्रावधान पंजाब और उसके पड़ोसी राज्यों के बीच तनाव बढ़ने के कारण बन सकते है? तर्क सहित उत्तर दीजिए। 6

अथवा

दक्षिण आन्दोलन का उल्लेख कीजिए।

WWW.STUDYDISCUSS.IN